डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY,AYODHYA(U.P.)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / सा0प्र0 / 2026 / 204

दिनांक : 21 मई, 2026

अधिसूचना

माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 19.05.2026 के क्रम में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 01.06.2026 से 04.07.2026 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाता है। उक्त अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षायें निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होती रहेंगी। साथ ही समस्त शिक्षकों एवं कर्मियों को यह भी सूचित किया जाता है कि संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष / पाठ्यक्रम समन्वयक (विश्वविद्यालय परिसर) एवं प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, शासकीय कार्य आदि तथा परीक्षा / शैक्षणिक कार्य हेतु बुलाये जाने पर उपस्थित होना अनिवार्य रूप से अपेक्षित है। संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष / पाठ्यक्रम समन्वयक (विश्वविद्यालय परिसर) एवं प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सम्बन्धित शिक्षक शैक्षणिक कार्य (पाठ्यक्रम पूर्ण करने) / आन्तरिक मूल्यांकन / अध्ययन बोर्ड का कार्य सम्पन्न करने के बाद ही अवकाश का उपभोग करेंगे। ग्रीष्मावकाश की उक्त अवधि में शैक्षणिक / परीक्षा सम्बन्धी कार्यो में संलग्न शिक्षकों को एक के सापेक्ष एक प्रतिकर अवकाश देय होगा। उक्त अवधि में विश्वविद्यालय कार्यालय यथावत खुले रहेगे।

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त, संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / कुलानुशासक।
3. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. अध्यक्ष / महामंत्री, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ / अनुदानित महाविद्यालय शिक्षक संघ।
5. परीक्षा नियंत्रक, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
6. प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना महाविद्यालयों की लॉग–इन व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. निजी सचिव, कुलपति को, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
8. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव को, वित्त अधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
9. पत्रावली।

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव

कार्यालय का पताः– प्रयागराज रोड, निकट हवाई अड्डा, अयोध्या (उ0प्र0)–224001
website: www.rmlau.ac.in/E-Mail ID:registrar@rmlau.ac.in